**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–16.07.2025 (सुबह 08:30 बजे)**

**मुख्य समाचार**

- **राज्य सरकार ने की वीरता और विशिष्ट सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदकों की घोषणा, पांच आईपीएस अधिकारी समेत 40 पुलिसकर्मी होंगे सम्मानित।**

- **राज्य में चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों की नियुक्ति पर सरकार ने लगायी रोक, नयी नियमावली बनने के बाद शुरु होगी बहाली प्रक्रिया।**

- **सीबीआई ने भ्रष्टाचार के खिलाफ की बड़ी कार्रवाई, अवैध वसूली के आरोप में सीसीएल मैनेजर समेत चार को किया गिरफ्तार।**

- **रांची, पलामू और हजारीबाग समेत आठ जिलों में आज भारी बारिश की चेतावनी, राज्य में अब तक सामान्य से 68 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज।**

- **64वीं राज्यस्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता आज से रांची में, पांचों प्रमंडलों के विजेता खिलाड़ी ले रहे हैं भाग।**

********************

राज्य सरकार के गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने पुलिस पदकों की घोषणा कर दी है। बेहतर कार्य करने वाले पांच आईपीएस अधिकारी समेत 40 पुलिस कर्मियों को 15 अगस्त या अन्य अवसर पर सम्मानित किया जायेगा। आईजी प्रभात कुमार समेत तीन को विशिष्ट सेवा के लिए झारखंड राज्यपाल पदक से सम्मानित किया जायेगा जबकि वीरता के लिए छह को झारखंड मुख्यमंत्री पदक से नवाजा जायेगा। वहीं 31 पुलिस पदाधिकारियों और कर्मचारियों को सराहनीय सेवा के लिए झारखंड पुलिस पदक से सम्मानित किया जायेगा।

********************

पलामू जिले में चतुर्थवर्गीय पदों की नियुक्ति प्रक्रिया पर उठे विवाद के बाद अब पूरे राज्य में बहाली पर रोक लगा दी गई है। कार्मिक विभाग ने यह फैसला मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर लिया है। भविष्य में चतुर्थ वर्गीय पदों पर नई बहाली के लिए नई नियमावली बनाने का प्रस्ताव है। इस प्रस्ताव पर कैबिनेट की स्वीकृति ली जाएगी। उसके बाद ही सभी जिलों में बहाली की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लगातार दिल्ली में होने पर भाजपा ने सरकार पर निशाना साधा है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा है कि झारखंड की सरकार दिल्ली से चल रही है।

इसपर झामुमो ने पलटवार किया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता मिथिलेश ठाकुर ने कहा है कि भाजपा के पास कोई मुद्दा नहीं बच गया है और वह जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है।

*******************

राज्य में नगर निकाय के चुनाव की सुगबुगाहट शुरु होते ही कांग्रेस ने संगठन की मजबूती की पहल तेज कर दी है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने रांची में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पार्टी के विभिन्न मोर्चों और प्रकोष्ठों को मजबूत करने की कवायद जारी है।

*******************

सीबीआई रांची की टीम ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। सीबीआई ने सीसीएल के अधिकारी समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके खिलाफ सीसीएल की गिद्धी– ए– कोलियरी में लिफ्टर और ट्रांसपोर्टरों से अवैध वसूली को लेकर प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। चारों को सीबीआइ की रांची स्थित विशेष अदालत में पेश करने के बाद 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

*******************

राज्य में ग्रामीण विकास को गति देने तथा केंद्र और राज्य सरकार के बीच सहयोग को सशक्त बनाने को लेकर नई दिल्ली में ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय और केन्द्रीय ग्रामीण विकास सचिव शैलेश कुमार सिंह के बीच एक उच्चस्तरीय बैठक हुई। बैठक में ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण सशक्तिकरण को लेकर गंभीर है और इस दिशा में मजबूती के साथ काम कर रही है।

*******************

विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी ने मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत नव नियोजित उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस मौके पर मिशन के निदेशक सह कार्यपालक पदाधिकारी शैलेन्द्र लाल ने कहा कि युवा अपनी ऊर्जा रचनात्मक क्षेत्र में लगायें। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण कौशल विकास को बेहद जरुरी बताया।

*******************

सावन के पवित्र मास में कांवरियों का देवघर और बासुकीनाथ पहुंचने का सिलसिला लगातार जारी है। इसे लेकर प्रशासन सतर्क है। इस सिलसिले में संथाल परगना के पुलिस महानिरीक्षक शैलेंद्र कुमार सिन्हा ने जामताड़ा में जिले के पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों के साथ बैठक कर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो, इसके लिए पुलिस प्रशासन तत्पर है।

*******************

सरायकेला–खरसांवा जिले के दलमा स्थित शिवमंदिर आने वाले श्रद्धालुओं से वन विभाग द्वारा शुल्क लेने का विरोध शुरु हो गया है। विभिन्न हिन्दू संगठनों ने इसके खिलाफ प्रदर्शन शुरु कर दिया है। इस बीच जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने इसे गंभीरता से लिया है। उन्होंने डीएफओ को पैदल श्रद्धालुओं से शूल्क नहीं वसूलने का निर्देश दिया है। श्री कालिंदी ने कहा कि वे इस मामले में विभागीय मंत्री से बात करेंगे।

*******************

गुमला जिले में टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत लोगों को जागरुक करने के लिए कई कदम उठाये जा रहे हैं।

*******************

मौसम विभाग ने आज गिरिडीह, कोडरमा, हजारीबाग, चतरा, पलामू और गढ़वा में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा रांची, जामताड़ा, देवघर, धनबाद, बोकारो, रामगढ़, लोहरदगा और लातेहार में कहीं–कहीं भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि राज्य में अगले तीन दिनों तक बारिश और वज्रपात की संभावना है। राज्य में अबतक औसत से 68 प्रतिशत अधिक बारिश हो चुकी है।

*******************

उधर, देवघर में पिछले 24 घंटे से लगातार हो रही बारिश से जन–जीवन प्रभावित हुआ है। शहरी इलाके में जल–जमाव की समस्या पैदा हो गई है। जसीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत पुनासी डैम का जल निकासी द्वार टूट जाने के कारण कई गांव जलमग्न हो गए हैं। कई गांवों के सड़क संपर्क पूरी तरह बाधित हो गये हैं। पुनासी, छोटकी खड़खाड़, पंडरिया, जमुनियाटांड़, ग्वाल बदिया, बाघमारी समेत कई गांवों में बाढ़ जैसी स्थिति बन गई है।

*******************

64वीं राज्यस्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता आज से रांची में शुरु हो रही है। 19 जुलाई तक चलने वाली यह प्रतियोगिता प्रैक्टिस खेलगांव और बीआईटी मेसरा के मैदान में होगी। इसमें पांचों प्रमंडलों के विजेता खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इसमें विजेता टीमें राष्ट्रीय स्तर पर झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे।

*******************

अब अखबारों की सुर्खियां–

- रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने शुभांशु शक्ला के अंतरिक्ष स्टेशन से धरती पर लौटने की खबर को प्रमुखता दी है।

- दैनिक भास्कर की सुर्खी है– 15 दिन में आयेगा 82 सौ शिक्षकों का रिजल्ट, एक शिक्षक वाले स्कूलों में होगी पोस्टिंग।

- प्रभात खबर लिखता है– नामकुम ग्रिड को ढाई घंटे तक रखा हाईजैक।

- हिन्दुस्तान के शब्द हैं– सीजीएल मामले में आईआरबी जवानों पर मुकदमे की मंजूरी।

- दैनिक जागरण ने लिखा है– आयकर रिफंड घोटाले में पूर्व सैनिक के यहां छापा।

********समाप्त********